Number of Pages: 24
पृष्ठों की संख्या : 24

**ETC - II**

Q. P. B. Series
**B**

Question Paper Booklet No.
(प्रश्न–पत्र पुस्तिका क्रमांक)

Roll No. (In Figures)
अनुक्रमांक (अंकों में)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

O.M.R. Answer Sheet No.
(ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक क्रमांक)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

पारी : II
Shift : II
समय : **तीन घण्टे**
Time : **Three Hours**
पूर्णांक : **600**
Maximum Marks : **600**

# EETYTEC - 26

**महत्त्वपूर्ण अनुदेश :–**

1. प्रश्न–पत्र पुस्तिका में निर्देशों सहित कुल 24 पृष्ठ हैं। इस पुस्तिका में प्रश्न संख्या 1 से प्रश्न संख्या 200 तक कुल दो सौ प्रश्न मुद्रित हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका के प्रत्येक भाग–अ, ब, स एवं द में 50 प्रश्न हैं। 'भाग–द' के दो भाग हैं। इसमें प्रश्न संख्या 151 से प्रश्न संख्या 170 तक अंग्रेजी के हैं, जो सभी के लिए अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या 171 से प्रश्न संख्या 200 तक के लिए अभ्यर्थी को हिन्दी या संस्कृत में से किसी एक का चयन करना है। प्रश्न–पत्र पुस्तिका के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत पर परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट के भीतर ही विचार किया जायेगा।
2. संस्कृत में प्रवेश चाहने वाले 'भाग–द' में संस्कृत का ही चयन करें। संस्कृत तथा सामान्य दोनों का चयन करने वाले भी संस्कृत विषय का ही चयन करें।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के पृष्ठ भाग पर दिये गये निर्देशों का पालन करें।
4. **परीक्षार्थी इस प्रश्न–पत्र पुस्तिका का क्रमांक एवं सीरीज ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में निर्धारित स्थानों पर अवश्य भरें, अन्यथा उसका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सकेगा और उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।**

**नोट :–**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. भाग अ, ब, स एवं द के प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।
3. नकारात्मक अंकन नहीं होगा।
4. **ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में उत्तर अंकित करने और वांछित सूचना अंकित करने के लिए काला/नीला बॉल पॉइन्ट पेन ही इस्तेमाल करें।**

**Important Instructions:-**

1. The Question Paper Booklet (Q.P.B.) contains a total number of 24 pages including instructions. There are 200 questions in all from question no. 1 to question no. 200 printed in this booklet. There are 50 questions in each Section – A, B, C & D of Q.P.B. 'Section–D' has two parts in it. In this Section question no. 151 to 170 are of English and compulsory for all. For question no. 171 to 200 candidate has to select either Hindi or Sanskrit. Any complaint regarding the Question Paper Booklet will be entertained within 10 minutes from the commencement of the Exam.
2. Candidates seeking admission in Sanskrit have to opt Sanskrit in 'Section–D'. The candidates who have applied for both Sanskrit and General will also opt Sanskrit only.
3. Follow the Instructions given at the back of O.M.R. Answer Sheet for answering questions.
4. **The candidate should fill in the serial no. and series of this Question Paper Booklet in the O.M.R. Answer Sheet at the proper places, otherwise his/her result will not be declared and only he/she will be liable for that.**

**NOTE:-**

1. All questions are compulsory.
2. Each question carries 3 marks in Section A, B, C & D.
3. No negative marking will be there.
4. **Use Black/Blue ball point pen only to answer questions and to fill in information required in the O.M.R. Answer Sheet.**

**उत्तर–पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर–पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर–पत्रक की कार्बन प्रति प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी।**

## भाग – अ
## मानसिक योग्यता

**1.** छः गाँव A, B, C, D, E तथा F हैं। F, D के पश्चिम में 1 कि.मी. दूर है। B, E से 1 कि.मी. पूर्व में है। A, E से 2 कि.मी. उत्तर में है। C, A से 1 कि.मी. पूर्व में है। D, A से 1 कि.मी. दक्षिण में है। कौनसे गाँव एक पंक्ति में हैं?

**(A)** A, C, B **(B)** A, D, E **(C)** C, B, F **(D)** E, B, D

**2.** निम्नलिखित में से किस शब्द की जल छवि समरूप नहीं होगी?

(i) KICK (ii) CODE (iii) HIKE (iv) DISC

**(A)** (i) और (iv) **(B)** केवल (iv) **(C)** केवल (ii) **(D)** (iii) और (iv)

**3.** एक कॉलोनी में रहने वाले 60 लोगों में से 10 केवल बंगाली बोलते हैं, 5 केवल असमिया बोलते हैं, 10 हिन्दी व उड़िया दोनों बोलते हैं, 12 मराठी व हिन्दी दोनों बोलते हैं, 13 अंग्रेजी, तमिल व मराठी बोलते हैं, 5 असमिया व हिन्दी दोनों बोलते हैं तथा शेष बंगाली व हिन्दी दोनों बोलते हैं। बंगाली बोलने वालों का मराठी बोलने वालों के साथ अनुपात है –

**(A)** 15 : 32 **(B)** 1 : 2 **(C)** 3 : 4 **(D)** 3 : 5

**4.** नीचे दी गई अक्षर/संख्या सीरीज़ में से पता लगाएं कि बाईं ओर से 5वें अक्षर/संख्या के दाईं ओर 8वाँ अक्षर/संख्या कौनसा/सी है?

5N6QRMO9BVZMS8D

**(A)** R **(B)** 8 **(C)** S **(D)** 6

**5.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए रोशन कहता है, ''यह लड़का मेरे पिता की इकलौती संतान का बेटा है।'' रोशन की पत्नी का उस लड़के से क्या संबंध है?

**(A)** माता **(B)** चाची **(C)** बहन **(D)** पुत्री

**6.** लता अपने घर से 15 कि.मी. पश्चिम की ओर गई, फिर बाईं ओर मुड़कर 20 कि.मी. चली, वह फिर पूर्व की ओर मुड़ी और 25 कि.मी. चली और अंत में बाईं ओर मुड़कर 20 कि.मी. चली, अब वह अपने घर से कितनी दूर है?

**(A)** 20 कि.मी. **(B)** 10 कि.मी. **(C)** 5 कि.मी. **(D)** 25 कि.मी.

**7.** A, B, C, D, E, F, G तथा H एक पंक्ति में उत्तर दिशा के सम्मुख खड़े हैं। B, G का पड़ोसी नहीं है। F, G के ठीक दाईं ओर है और E का पड़ोसी है। G एकदम कोने पर नहीं है। A, E के बाईं ओर छठे स्थान पर है। H, C के दाईं ओर छठे स्थान पर है। निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**(A)** C, A के ठीक बाईं ओर है।
**(B)** D, B तथा F का तुरन्त पड़ोसी है।
**(C)** G, D के ठीक दाईं ओर है।
**(D)** A और E सबसे अन्त में हैं।

**8.** पेट्रोल : फॉस्फोरस : रसोई गैस

उपरोक्त में क्या समानता है?

**(A)** ये ईंधन हैं।
**(B)** ये अत्यधिक ज्वलनशील हैं।
**(C)** इन्हें बिना अनुमति के नहीं बेचा जा सकता।
**(D)** भारत को इनका आयात करना पड़ता है।

**9.** WHITE का दर्पण प्रतिबिम्ब क्या होगा?

**(A)** ƎꞱIHW **(B)** ƎTIHM **(C)** ƎTIHW **(D)** ETIHW

**10.** दिए गए शब्दों को उस क्रम में व्यवस्थित कीजिए, जिस क्रम में वे शब्दकोष (अंग्रेजी) में आते हैं तथा सही क्रम का चयन कीजिए –

(1) Precede (2) Precision (3) Precise
(4) Precept (5) Preach (6) Prelude

**(A)** 5, 3, 1, 4, 2, 6 **(B)** 5, 1, 4, 3, 2, 6 **(C)** 5, 1, 3, 4, 2, 6 **(D)** 5, 1, 4, 2, 3, 6

**11.** रमा को रानी से ज्यादा नंबर मिले, रानी को रत्ना से कम नंबर मिले, रत्ना को पद्मा से ज्यादा नंबर मिले, पद्मा को रमा से ज्यादा लेकिन रत्ना से कम नंबर मिले। सबसे ज्यादा नंबर किसे मिले?

**(A)** रमा **(B)** रत्ना **(C)** पद्मा **(D)** रानी

**12.** नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोषानुसार व्यवस्थित करें और बताएं कि दूसरे स्थान पर कौनसा शब्द आएगा?

**(A)** Pragmatic **(B)** Praiseworthy **(C)** Precious **(D)** Practical

**13.** '?' के स्थान पर आने वाली संख्या ज्ञात कीजिए –


| | | |
|---|---|---|
| 3 | 370 | 7 |
| 2 | 224 | 6 |
| 1 | 730 | ? |

**(A)** 5 **(B)** 8 **(C)** 9 **(D)** 11

**14.** बेमेल को पहचानें –

**(A)** निपुणता **(B)** क्षमताएं **(C)** दक्षता **(D)** अक्षमता

**15.** नीचे दी गई प्रश्न आकृति में कितनी सीधी रेखाएँ हैं?



**(A)** 11 **(B)** 9 **(C)** 15 **(D)** 48

**16.** निम्नलिखित को एक सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें –

(1) ऋण अनुमोदन (2) संवितरण (3) आवेदन (4) सत्यापन

**(A)** 3, 1, 2, 4 **(B)** 3, 4, 2, 1 **(C)** 3, 4, 1, 2 **(D)** 4, 3, 1, 2

**17.** एक परीक्षा में बैठने वाले 130 छात्रों में से 62 अंग्रेजी में, 52 गणित में अनुत्तीर्ण हुए, जबकि 24 अंग्रेजी और गणित में अनुत्तीर्ण हुए। अन्त में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या है –

**(A)** 40 **(B)** 50 **(C)** 55 **(D)** 60


**18.** A, B का भाई है। D, E का भाई है। C, A का पिता है। E, B की पुत्री है, तो D के चाचा हैं –

**(A)** A **(B)** B **(C)** C **(D)** E


**19.** पुजारी ने भक्त से कहा, ''मंदिर की घंटी प्रत्येक 45 मिनट के नियमित अन्तराल पर बजाई जाती है। पिछली बार घंटी पाँच मिनट पहले बजाई गई थी। अगली बार घंटी प्रातः 7:45 बजे बजाई जाएगी।'' पुजारी ने भक्त को यह जानकारी किस समय दी?

**(A)** प्रातः 7:40 **(B)** प्रातः 7:00 **(C)** प्रातः 6:55 **(D)** प्रातः 7:05


**20.** निम्नांकित में से प्रश्न चिन्हों की जगह क्या आएगा?




I II III IV

**(A)** 


I IV

**(B)** 

I IV

**(C)** 

I IV

**(D)** 

I IV

निम्नलिखित सूचना को पढ़कर **प्र. सं. 21 - 23** के उत्तर दीजिए –

रवि और कुणाल हॉकी और वॉलीबॉल में अच्छे हैं। सचिन और रवि हॉकी और बेसबॉल में अच्छे हैं। गौरव और कुणाल क्रिकेट और वॉलीबॉल में अच्छे हैं। सचिन, गौरव और माइकल फुटबॉल और बेसबॉल में अच्छे हैं।

**21.** बेसबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल और फुटबॉल में कौन अच्छा है?

**(A)** सचिन **(B)** कुणाल **(C)** गौरव **(D)** रवि


**22.** हॉकी, क्रिकेट और वॉलीबॉल में कौन अच्छा है?

**(A)** सचिन **(B)** कुणाल **(C)** रवि **(D)** गौरव

**23.** बेसबॉल, वॉलीबॉल और हॉकी में कौन अच्छा है?

**(A)** सचिन **(B)** कुणाल **(C)** रवि **(D)** गौरव

**24.** दिए गए चित्र में अज्ञात अंक ज्ञात कीजिए –




**(A)** 60 **(B)** 40 **(C)** 50 **(D)** 25

**25.** निम्नलिखित में से कौनसा लीप वर्ष <u>नहीं</u> है?

**(A)** 4800 **(B)** 1992 **(C)** 1884 **(D)** 1900

**26.** निम्नलिखित विकल्पों में दी गई संख्याओं में कोई संबंध है। विषम का चयन कीजिए –

**(A)** 3 : 8 **(B)** 6 : 35 **(C)** 7 : 50 **(D)** 1 : 0

**27.** इंडिया गेट : दिल्ली : : .................... : ...................

**(A)** शिकागो : अमेरिका **(B)** अल्बानी : न्यूयॉर्क

**(C)** आगरा : ताजमहल **(D)** चंडीगढ़ : रॉक गार्डन

**28.** एक दिन में घड़ी की सुईयाँ कितनी बार समकोण पर होती हैं?

**(A)** 44 **(B)** 48 **(C)** 24 **(D)** 22

**29.** यदि '×' का अर्थ 'जोड़', '–' का अर्थ 'भाग', '÷' का अर्थ 'घटाना' तथा '+' का अर्थ 'गुणा' हो, तो निम्नलिखित में से कौनसा सही है?

**(A)** $16 + 5 - 10 \times 4 \div 3 = 9$

**(B)** $16 - 5 \times 10 \div 4 + 3 = 12$

**(C)** $16 + 5 \div 10 \times 4 - 3 = 9$

**(D)** $16 \times 5 \div 10 \div 4 - 3 = 19$

**30.** सही विकल्प का चयन करें –

DESK : 03 : : BOOK : .............

**(A)** 5 **(B)** 18 **(C)** 7 **(D)** 25

**31.** एक मीटिंग में, एक शहर का नक्शा इस तरह रखा गया था कि दक्षिण–पूर्व, उत्तर बन जाता है, उत्तर–पूर्व, पश्चिम बन जाता है, तो उसी तरह, उत्तर क्या बनेगा?


**(A)** पूर्व **(B)** दक्षिण–पश्चिम **(C)** उत्तर–पूर्व **(D)** पश्चिम

**32.** वह सही संख्या ज्ञात करें जो प्रश्न चिन्ह की जगह लेगी –

TK : 2313 : : JO : ..........

**(A)** 1317 **(B)** 298 **(C)** 4529 **(D)** 2219

**33.** दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए –



**(A)** 11 **(B)** 17 **(C)** 13 **(D)** 15

**34.** एक निश्चित कूट भाषा में यदि 'BOARD' को '54937' और 'WALK' को '2918' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'DRAWL' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

**(A)** 73921 **(B)** 37981 **(C)** 19372 **(D)** 73495

**35.** यदि आग को हवा, हवा को पानी, पानी को बादल और बादल को बुलबुला कहा जाए, तो मछलियाँ कहाँ तैरेंगी?

**(A)** हवा **(B)** पानी **(C)** बुलबुला **(D)** बादल

**36.** तीन–तीन साल के अंतराल पर पैदा हुए 5 बच्चों की उम्र का योग 50 साल है। सबसे छोटे बच्चे की उम्र क्या है?

**(A)** 8 साल **(B)** 10 साल **(C)** 4 साल **(D)** 12 साल

**37.** एक निश्चित कूट भाषा में –

(i) 'pit na som' का अर्थ है 'bring me water'

(ii) 'na jo tod' का अर्थ है 'water is life'

(iii) 'tub od pit' का अर्थ है 'give me toy'

(iv) 'jo lin kot' का अर्थ है 'life and death'

उस भाषा में 'is' का अर्थ निम्नलिखित में से कौन दर्शाता है?


**(A)** jo **(B)** na **(C)** tod **(D)** lin

**38.** श्रृंखला को पूरा करें –

48, 24, 72, 36, 108, …………

**(A)** 115 **(B)** 216 **(C)** 121 **(D)** 54

**39.** यदि एक पासे की चार विभिन्न स्थितियाँ नीचे दर्शायी गयी हों, तो कौनसा अंक 6 के ठीक विपरीत होगा?




**(A)** 1 **(B)** 5 **(C)** 2 **(D)** 4

**40.** मंगलवार को बैठक स्थल पर मैं 08:30 बजे से 15 मिनट पहले पहुँचा। वहाँ पहुँचने पर मैंने पाया कि मैं उस व्यक्ति से आधा घंटा पहले पहुँचा था, जो 40 मिनट देर से आया था। बैठक का निर्धारित समय क्या था?





**(A)** 08:00 बजे **(B)** 08:05 बजे **(C)** 08:15 बजे **(D)** 08:45 बजे

**41.** नीचे दी गयी तालिका में, कौनसा अक्षर प्रश्न चिन्ह की जगह लेगा?




| | | |
|---|---|---|
| 7 | HFG | 3 |
| 19 | OKL | 2 |
| 8 | RAM | 4 |
| 20 | VFL | 2 |
| 9 | O?C | 3 |

**(A)** K **(B)** L **(C)** I **(D)** J

**42.** निम्नांकित में से कौनसा वेन आरेख जादूगरों, संगीतकारों और पेशेवरों के मध्य सही संबंध को दर्शाता है?

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**43.** दिए गए तीन तत्वों के मध्य सही संबंध को प्रदर्शित कीजिए –
कीड़े, तितलियाँ, बिल्लियाँ

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**44.** यदि REASON को 5 लिखा जाता है तथा BELIEVED को 7 लिखा जाता है, तो GOVERNMENT को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?



**(A)** 6 **(B)** 10 **(C)** 8 **(D)** 9

**45.** 42 मिनट का 2 घंटों के साथ क्या अनुपात होगा?



**(A)** 14 : 15 **(B)** 7 : 20 **(C)** 3 : 5 **(D)** 6 : 7

**प्रश्न संख्या 46-47** का निम्न सूचनाओं के आधार पर उत्तर दीजिए –
नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में तीन मदें दी गई हैं, जिनके मध्य एक निश्चित संबंध है। इसी संबंध को वेन–आरेखों द्वारा दर्शाया गया है। मदों का सही वेन–आरेख से मिलान कीजिए –

**46.** कम्प्यूटर दक्ष, स्नातक, कामकाजी

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**47.** महिलाएँ, विवाहित व्यक्ति, कामकाजी पत्नियाँ

**(A)**  **(B)**  **(C)**  **(D)** 

**48.** बेमेल को पहचानें –

**(A)** मछली **(B)** मेंढक **(C)** मगरमच्छ **(D)** कछुआ

**49.** लड़कियों की एक कतार में, अरुणा दाईं ओर से 12वें और बाईं ओर से चौथे स्थान पर है। उस कतार में 28 लड़कियाँ होने के लिए कितनी और लड़कियों को शामिल किया जाना चाहिए?

**(A)** 12 **(B)** 13 **(C)** 14 **(D)** 30

**50.** दिए गए कथन से पता लगाएं कि कौनसा तर्क एक मजबूत तर्क है?

**कथन** : क्या रंगीन टेलीविज़न पर टैक्स बढ़ाए जाने चाहिए?

**तर्क** (I) : हाँ, क्योंकि रंगीन टेलीविज़न एक लग्ज़री वस्तु है और इसे सिर्फ अमीर लोग ही खरीदते हैं।

(II) : नहीं, टेलीविज़न गरीब लोग भी खरीदते हैं।

**(A)** केवल तर्क (I) मज़बूत है।

**(B)** केवल तर्क (II) मज़बूत है।

**(C)** तर्क (I) और तर्क (II) दोनों मज़बूत हैं।

**(D)** न तो तर्क (I) और ना ही तर्क (II) मज़बूत है।

## भाग–ब
## राजस्थान की सामान्य जानकारी

**51.** राजस्थान राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना किस वर्ष हुई?

**(A)** 1956 **(B)** 1964 **(C)** 1972 **(D)** 1980

**52.** निम्नलिखित में से कौनसा महल जल दुर्ग की श्रेणी में आता है?

**(A)** मेहरानगढ़ **(B)** तारागढ़ **(C)** जयमहल **(D)** गागरौन दुर्ग

**53.** ब्रिटिश शासन काल के दौरान राजस्थान की वह पहली देशी रियासत कौनसी थी, जिसने कन्या वध को गैर–कानूनी घोषित किया था?

**(A)** कोटा **(B)** उदयपुर **(C)** जोधपुर **(D)** बीकानेर

**54.** राजस्थान ऊर्जा विकास एजेन्सी (रेडा) की स्थापना कब की गई थी?

**(A)** 2002 **(B)** 1985 **(C)** 2010 **(D)** 1999

**55.** निम्नलिखित में से किसे 'सरगासूली' भी कहा जाता है?

**(A)** पटवों की हवेली **(B)** सालिम सिंह की हवेली

**(C)** ईसरलाट **(D)** जंतर–मंतर

**56.** खालसा, विरक्त, उत्तरादे, खाकी तथा नागा – ये किस सम्प्रदाय या पंथ की शाखाएँ हैं?

**(A)** सूफ़ी सम्प्रदाय **(B)** बिश्नोई सम्प्रदाय **(C)** दादू पंथ **(D)** कबीर पंथ

**57.** निम्नलिखित में से किस जनजाति का पंचायत मुखिया 'पालवी' कहलाता है?

**(A)** मीणा **(B)** सहरिया **(C)** भील **(D)** गरासिया

**58.** नथमल की हवेली और पटवों की हवेली कहाँ स्थित हैं?

**(A)** जैसलमेर **(B)** करौली **(C)** फतेहपुर शेखावटी **(D)** लक्ष्मणगढ़

**59.** रणकपुर के प्रसिद्ध चौमुखा मन्दिर का शिल्पी कौन था?

**(A)** हरचंद पोद्दार **(B)** देपाक **(C)** तोलाराम **(D)** राव चन्द्रसेन

**60.** कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?

**(A)** बाँसवाड़ा – डूंगरपुर **(B)** उदयपुर – प्रतापगढ़

**(C)** सिरोही – उदयपुर **(D)** उदयपुर – चित्तौड़गढ़

**61.** गवरी का उद्भव किस कथा से माना जाता है?

**(A)** शिव–भस्मासुर की कथा से **(B)** देव–असुर संग्राम की कथा से

**(C)** रामायण की कथा से **(D)** महाभारत की कथा से

**62.** गोरखनाथ सम्प्रदाय की प्रमुख शाखा 'बैराग पथ' का राजस्थान में केन्द्र कहाँ रहा है?

**(A)** राताडुंगा (पुष्कर) **(B)** सांगिया जी (जैसलमेर)

**(C)** देशनोक (बीकानेर) **(D)** मण्डोर (जोधपुर)

**63.** निम्नलिखित में से कौनसा किला राजस्थान की उत्तरी सीमा का प्रहरी कहलाता है?

(A) लोहागढ़ (B) करौली का राजमहल

(C) कुम्भलगढ़ का किला (D) भटनेर का किला

**64.** बिजौलिया आन्दोलन मुख्यतः किसके विरुद्ध था?

(A) ब्रिटिश सेना (B) जागीरदारों द्वारा लगाए गए भारी कर

(C) ब्रिटिश नीति (D) शिक्षा सुधार

**65.** स्थापना के दृष्टिकोण से निम्नलिखित में से सबसे प्राचीन शहर कौनसा है?

(A) टोंक (B) डूंगरपुर (C) जोधपुर (D) जैसलमेर

**66.** 'गोल्डन ट्रायंगल' में कौन–कौनसे शहर सम्मिलित हैं?

(A) जयपुर–जोधपुर–उदयपुर (B) दिल्ली–आगरा–जयपुर

(C) जैसलमेर–बीकानेर–अजमेर (D) कोटा–बून्दी–चित्तौड़गढ़

**67.** राजस्थान में अभी तक अनुच्छेद 356 का प्रयोग कितनी बार किया गया है?

(A) एक बार (B) दो बार (C) तीन बार (D) चार बार

**68.** निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

(A) लोंगेवाला वॉर मेमोरियल – जैसलमेर (B) महाराव माधो सिंह संग्रहालय – नागौर

(C) जसवंत थड़ा – जोधपुर (D) आम्रपाली संग्रहालय – जयपुर

**69.** राजस्थान की सर्वोच्च चोटी 'गुरु शिखर' कहां स्थित है?

(A) जैसलमेर (B) माउण्ट आबू (C) जयपुर (D) उदयपुर

**70.** 'बम नृत्य' कहाँ का प्रसिद्ध है?

(A) जालौर – सिरोही (B) बाँसवाड़ा – डूंगरपुर (C) अलवर – भरतपुर (D) बीकानेर – जोधपुर

**71.** छीतर महल का दूसरा नाम क्या है?

(A) हवा महल (B) उम्मेद महल (C) तलहटी महल (D) विण्डसर महल

**72.** राजस्थान में सड़क घनत्व कितना है?

(A) 80.50 कि.मी. / 100 वर्ग कि.मी. (B) 77.20 कि.मी. / 100 वर्ग कि.मी.

(C) 92.66 कि.मी. / 100 वर्ग कि.मी. (D) 82.76 कि.मी. / 100 वर्ग कि.मी.

**73.** निम्नलिखित में से किस जनजाति के घरों के समूह को 'शहरोल' कहा जाता है?

(A) मीणा (B) भील (C) सहरिया (D) गरासिया

**74.** राजस्थान राज्य की आर्थिक समीक्षा 2024–25 के अनुसार, सकल राज्य मूल्यवर्धन में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान कितना है?

(A) 11.04% (B) 45.92% (C) 26.92% (D) 27.16%

**75.** निम्नलिखित में से किस शासक ने भरतपुर की स्थापना की थी?

(A) बदनसिंह (B) सूरजमल (C) भारमल (D) अभय सिंह

**76.** सर्वप्रथम किस विधानसभा चुनाव में राजस्थान राज्य विधानसभा की सदस्य संख्या 200 सीमांकित की गई?

**(A)** 1977 **(B)** 1967 **(C)** 1980 **(D)** 1972

**77.** 'पैलेस ऑन व्हील्स' किससे सम्बन्धित है?

**(A)** सड़क परिवहन **(B)** हवाई पर्यटन **(C)** लक्ज़री रेल पर्यटन **(D)** ऊँट सफारी

**78.** निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है?

**(A)** दाउदी बोहरा उर्स – गलियाकोट **(B)** घोटिया अम्बा का मेला – बाँसवाड़ा

**(C)** करणी माता का मेला – देशनोक **(D)** दधिमती माता का मेला – नाथद्वारा

**79.** राजस्थान साहित्य अकादमी कहाँ स्थित है?

**(A)** जयपुर **(B)** जोधपुर **(C)** उदयपुर **(D)** बीकानेर

**80.** राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा भाग मध्य भारत (मध्य प्रदेश) को दिया गया?

**(A)** सुनेल टप्पा **(B)** भानपुर **(C)** सिरोंज **(D)** स्वरूपगंज

**81.** 'नीला पानी मेला' राजस्थान के किस जिले में आयोजित होता है?

**(A)** बाँसवाड़ा **(B)** डूंगरपुर **(C)** प्रतापगढ़ **(D)** उदयपुर

**82.** राजस्थान में निम्नलिखित में से किस कस्बे का विकास और रखरखाव हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा किया जाता है?

**(A)** राजनगर **(B)** खेतड़ी **(C)** हुरड़ा **(D)** दरीबा (चित्तौड़)

**83.** वर्तमान राजस्थान विधानसभा (सोलहवीं विधानसभा) में 26 जनवरी, 2026 को यथानुरूप निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल का केवल एक सदस्य है?

**(A)** भारतीय आदिवासी पार्टी **(B)** बहुजन समाज पार्टी

**(C)** राष्ट्रीय लोकदल **(D)** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी

**84.** 1952 में राजस्थान राज्य विधानसभा के पहले चुनावों में कुल निर्वाचन क्षेत्र कितने थे?

**(A)** 140 **(B)** 160 **(C)** 120 **(D)** 167

**85.** राजस्थान को वर्तमान नाम कब मिला?

**(A)** 1947 **(B)** 1948 **(C)** 1949 **(D)** 1956

**86.** 'राजपूत काल' सामान्यतः किस अवधि को संदर्भित करता है?

**(A)** 6वीं – 12वीं शताब्दी **(B)** 1 – 5वीं शताब्दी

**(C)** 13वीं – 18वीं शताब्दी **(D)** 19वीं शताब्दी

**87.** राजस्थान का वह शहर कौनसा है, जहाँ स्वतंत्रता से पूर्व हवाई अड्डा था?

**(A)** जयपुर **(B)** अजमेर **(C)** जोधपुर **(D)** माउंट आबू

**88.** अरावली पर्वत श्रृंखला किस भूवैज्ञानिक शैल प्रणाली से सम्बन्धित है?

**(A)** गोण्डवाना शैल **(B)** दक्कन ट्रैप **(C)** प्री–कैम्ब्रियन शैल **(D)** जलोढ़ निक्षेप

89. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित है?

| | कृति | | लेखक |
|---|---|---|---|
| (A) | वीरविनोद | – | ईसरदास |
| (B) | हाला झाला री कुण्डलियां | – | श्यामलदास |
| (C) | हमीरायण | – | भांडऊ व्यास |
| (D) | रुक्मिणी–हरण | – | नरपति नाल्ह |

90. 'कोतवाल' का पद सम्बन्धित था –

(A) शिक्षा से (B) नगर प्रशासन एवं कानून व्यवस्था से

(C) कृषि से (D) व्यापार से

91. वह एकमात्र रियासत कौनसी थी जहां 'उत्तराधिकार शुल्क' नहीं लिया जाता था?

(A) जयपुर (B) उदयपुर (C) बीकानेर (D) जैसलमेर

92. 'डिंगल' और 'पिंगल' किससे सम्बन्धित हैं?

(A) चित्रकला शैलियाँ (B) लोकनृत्य (C) साहित्यिक परम्पराएँ (D) वाद्य यंत्र

93. निम्न में से कौनसा स्थान ब्लू पॉटरी के लिए विख्यात है?

(A) जोधपुर (B) उदयपुर (C) जयपुर (D) बीकानेर

94. निम्नलिखित में से कौनसा जिला 'लूनी बेसिन' का हिस्सा नहीं है?

(A) जोधपुर (B) पाली (C) डीडवाना (D) जालौर

95. निम्नलिखित पर विचार कीजिए –

(I) पत्ता की हवेली (II) जैमल जी तालाब (III) मीरा बाई का मंदिर (IV) गोरा–बादल महल

उपर्युक्त सभी आपको निम्नलिखित में से किस दुर्ग में देखने को मिलेंगे?

(A) चित्तौड़ का किला (B) आम्बेर का किला (C) कुम्भलगढ़ (D) मेहरानगढ़

96. सुण्डा पर्वत का शिलालेख कहाँ स्थित है?

(A) देलवाड़ा (आबू) (B) चीरवा (उदयपुर)

(C) जसवंतपुरा (जोधपुर) (D) बिजौलिया (भीलवाड़ा)

97. निम्नलिखित में से किस युद्ध में बूँदी का शासक शत्रुसाल हाड़ा मारा गया था?

(A) बैराठ की लड़ाई (B) खानवा की लड़ाई

(C) दिवेर की लड़ाई (D) धरमत की लड़ाई

98. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से कौनसा शुष्क–सागवान वन का हिस्सा नहीं है?

(A) बाँसवाड़ा (B) झालावाड़ (C) चित्तौड़गढ़ (D) करौली

99. राजस्थान में किस नदी को 'मृत नदी' कहा जाता है?

(A) लूणी (B) बनास (C) घग्गर (D) चम्बल

100. प्रसिद्ध लोक वाद्य 'रावणहत्था' है –

(A) वायु वाद्य (B) तंत्री वाद्य (C) ताल वाद्य (D) धातु (पीतल) वाद्य

## भाग–स
## शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

**101.** रचनात्मकता के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही <u>नहीं</u> है?

**(A)** रचनात्मकता एक लक्ष्य–उन्मुख प्रक्रिया है।

**(B)** रचनात्मकता सार्थक ज्ञान पर निर्भर करती है।

**(C)** रचनात्मकता में एक व्यक्ति नई और अलग चीजें बनाता है।

**(D)** रचनात्मकता का रूप ठोस होता है, अमूर्त नहीं।

**102.** निम्नलिखित में से कौन शिक्षक की व्यावसायिक नैतिकता का संकेतक है?

**(A)** समय की पाबंदी **(B)** कठोर दंड

**(C)** अधिकार **(D)** व्यक्तिगत पक्षपात

**103.** शिक्षण अभिरुचि का अर्थ है –

**(A)** विषय–वस्तु ज्ञान **(B)** शिक्षण अनुभव

**(C)** कक्षा अधिकार **(D)** प्रभावी शिक्षण की स्वाभाविक क्षमता

**104.** मौखिक संप्रेषण का सही उदाहरण चुनें –

**(A)** रिपोर्ट **(B)** अख़बार

**(C)** आमने–सामने बातचीत **(D)** नोट्स

**105.** आप अपने विद्यार्थियों द्वारा की गई गलतियों का कारण जानकर सुधारने हेतु क्या करेंगे?

**(A)** उनके लिए मास्टर ट्रेनर की व्यवस्था करेंगे।

**(B)** इस हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षित करेंगे।

**(C)** विद्यार्थियों को गलतियाँ नहीं करने हेतु सचेत करेंगे।

**(D)** उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करेंगे।

**106.** एक सामाजिक रूप से संवेदनशील शिक्षक निम्नलिखित में से क्या करेगा?

**(A)** विद्यार्थियों से अपने लिए उपहार मंगाएगा।

**(B)** विद्यार्थियों को उपहार वितरित करेगा।

**(C)** विद्यार्थियों की बातों को ध्यान से सुनेगा।

**(D)** विद्यार्थियों द्वारा प्रतिक्रिया न देने पर उनकी आलोचना करेगा।

**107.** सृजनात्मकता से अभिप्राय है –

**(A)** विचारों की पुनरावृत्ति **(B)** नए एवं उपयोगी विचार उत्पन्न करना

**(C)** तथ्यों का स्मरण **(D)** निर्देशों का पालन

**108.** एक नेता के रूप में आप अपने व्यक्तित्व में कौनसा गुण पसंद <u>नहीं</u> करेंगे?

**(A)** बुद्धिमान **(B)** जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार

**(C)** कठोरता **(D)** धैर्य

**109.** कक्षा में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रम विकसित करते समय निम्नलिखित में से कौनसा तत्व आवश्यक <u>नहीं</u> है?

**(A)** कल्पनाशीलता **(B)** मौलिकता

**(C)** समय की पाबंदी **(D)** उत्पादकता

**110.** शिक्षार्थी–केंद्रित कक्षा के लिए कौनसी नेतृत्व शैली सर्वोत्तम है?

**(A)** निरंकुश **(B)** लोकतांत्रिक

**(C)** नौकरशाही **(D)** अधिकारीवादी

**111.** सामाजिक भावनाएँ इसमें मदद करती हैं –

**(A)** सफलता **(B)** जलन

**(C)** चिंता **(D)** ईर्ष्या

**112.** सृजनात्मक चिंतन मुख्यतः किससे संबंधित है?

**(A)** एक सही उत्तर **(B)** अनेक संभावित उत्तर

**(C)** यांत्रिक प्रतिक्रिया **(D)** स्मरण

**113.** CCE में ''सतत'' शब्द का तात्पर्य है –

**(A)** वर्षांत परीक्षा **(B)** नियमित एवं निरंतर मूल्यांकन

**(C)** केवल मासिक परीक्षाएं **(D)** एक बार का मूल्यांकन

**114.** एक अच्छे लीडर को ध्यान देना चाहिए –

**(A)** हर काम का सूक्ष्म प्रबंधन करने में **(B)** दूसरों से सलाह लिए बिना अकेले काम करने में

**(C)** टीम को सशक्त बनाने और प्रेरित करने में **(D)** दूसरों के काम का श्रेय लेने में

**115.** कौनसा व्यवहार प्राथमिक शिक्षक के सकारात्मक व्यावसायिक दृष्टिकोण को दर्शाता है?

**(A)** धीमी गति से सीखने वाले विद्यार्थियों की उपेक्षा करना

**(B)** नियमित पाठ–योजना बनाना

**(C)** विद्यालयीय गतिविधियों से बचना

**(D)** पक्षपात करना

**116.** एक शिक्षक को अध्ययन करना चाहिए –

**(A)** परीक्षा उत्तीर्ण करने तक **(B)** शिक्षक के रूप में नियुक्त होने तक

**(C)** प्रत्येक कक्षा में पढ़ाने से पहले **(D)** जीवन भर

**117.** शिक्षण को सबसे अच्छे तरीके से कैसे परिभाषित किया जा सकता है?

**(A)** विद्यार्थियों को जानकारी देना। **(B)** कक्षा अनुशासन नियंत्रित करना।

**(C)** अधिगम एवं विकास को सुगम बनाना। **(D)** पाठ्यक्रम पूरा करना।

**118.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही <u>नहीं</u> है?

**(A)** रचनात्मकता और बुद्धिमत्ता अलग–अलग अवधारणाएँ हैं।

**(B)** प्रतिभावान बच्चा रचनात्मक भी होता है।

**(C)** प्रत्येक बच्चा रचनात्मक अभिव्यक्ति में सक्षम होता है।

**(D)** रचनात्मकता एक लचीली प्रक्रिया है।

**119.** निम्नलिखित में से कौनसा संप्रेषण कौशल का घटक <u>नहीं</u> है?

**(A)** बोलना **(B)** सक्रिय श्रवण

**(C)** शारीरिक भाषा अथवा अशाब्दिक कौशल **(D)** चिंतन

**120.** सी.सी.ई. का प्रयोग स्कूलों में निम्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है –

**(A)** विद्यार्थियों को मंदबुद्धि, कमजोर और बुद्धिमान के रूप में वर्गीकृत करने के लिए।

**(B)** विद्यार्थियों के प्रदर्शन की तुलना करने के लिए।

**(C)** विद्यार्थियों का विभिन्न प्रकार से मूल्यांकन करने और प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए।

**(D)** जब विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर रहा हो, तो नकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए।

**121.** एक शिक्षक के लिए कक्षा में संचार है –

**(A)** कला **(B)** विज्ञान

**(C)** कला व विज्ञान दोनों **(D)** उपरोक्त में से कोई नहीं

**122.** विद्यार्थियों में सामाजिक गुणों के विकास के लिए आप सर्वोत्तम उपाय क्या करेंगे?

**(A)** विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करेंगे।

**(B)** विद्यालय में अभिभावक–अध्यापक बैठक का आयोजन करेंगे।

**(C)** अनुकरणात्मक अधिगम को सुदृढ़ करेंगे।

**(D)** विद्यालय में क्लब गतिविधियों का आयोजन करेंगे।

**123.** शिक्षक की मुख्य भूमिका है –

**(A)** जानकारी देना **(B)** अधिगम को सुगम बनाना

**(C)** छात्रों को नियंत्रित करना **(D)** पाठ्यक्रम पूरा करना

**124.** जब विद्यार्थी आपकी कक्षा में ध्यान नहीं देते हैं, तो आप क्या करेंगे?

**(A)** इस समस्या की उपेक्षा करेंगे। **(B)** इसके कारणों को जानेंगे और दूर करेंगे।

**(C)** विद्यार्थियों को दंड देंगे। **(D)** विद्यार्थियों को शांत रहने को कहेंगे।

**125.** निम्नलिखित में से कौनसी त्रि–आयामी शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री नहीं है?

**(A)** नक्शा **(B)** ग्लोब

**(C)** मॉडल **(D)** वास्तविक वस्तु

**126.** एक व्यावसायिक रूप से जिम्मेदार शिक्षक किसका पालन करता है?

**(A)** व्यक्तिगत नियमों का **(B)** सामुदायिक दबाव का

**(C)** विद्यालय एवं शैक्षिक नीतियों का **(D)** केवल विद्यार्थियों की मांगों का

**127.** प्रभावी नेतृत्व के लिये किस प्रकार की बुद्धिमत्ता आवश्यक है?

**(A)** भावनात्मक बुद्धिमत्ता **(B)** तकनीकी बुद्धिमत्ता

**(C)** राजनीतिक बुद्धिमत्ता **(D)** यांत्रिक बुद्धिमत्ता

**128.** एक प्रभावशाली संप्रेषण किसकी अपेक्षा नहीं करता है?

**(A)** वाक् पद्धति में परिवर्तन **(B)** सटीक हावभाव

**(C)** विषयवस्तु पर अधिकार **(D)** आकर्षक व्यक्तित्व

**129.** सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कौशल महत्त्वपूर्ण है?

**(A)** आलोचनात्मक सोच **(B)** तर्कशक्ति

**(C)** सहानुभूति **(D)** तर्क क्षमता

**130.** एक शिक्षक के पेशेवर दृष्टिकोण की महत्त्वपूर्ण विशेषता है –

**(A)** शिक्षण के प्रति लगाव और विद्यार्थियों की सफलता में वास्तविक रुचि

**(B)** एक अनम्य, अपरिवर्तनीय पाठ योजना का कड़ाई से पालन

**(C)** उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थियों पर ध्यान केंद्रित करना

**(D)** विद्यार्थियों के साथ संवाद की तुलना में प्रशासनिक कार्यों को प्राथमिकता देना

**131.** एक उत्तरदायी शिक्षक –

**(A)** जवाबदेही से बचता है। **(B)** शिक्षण पर आत्मचिंतन करता है।

**(C)** शिक्षार्थियों को दोष देता है। **(D)** प्रतिपुष्टि का विरोध करता है।

**132.** निम्नलिखित में से कौनसी शिक्षण की पूर्व क्रिया अवस्था है?

**(A)** कक्षा की अनुभूति
**(B)** शैक्षिक लक्ष्यों का निर्धारण
**(C)** शिक्षार्थियों का निदान
**(D)** क्रिया एवं प्रतिक्रिया

**133.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यवहार अधिगम की श्रेणी में आता है?

**(A)** गलती से कांटा चुभने पर उंगली पीछे खींच लेना।
**(B)** भूख लगने पर शिशु का रोना।
**(C)** जीभ में दोष के कारण हकलाना।
**(D)** एक बार जलने पर दोबारा गर्म बर्तन को सावधानीपूर्वक छूना।

**134.** जाति, लिंग और धर्म किससे संबंधित हैं?

**(A)** जैविक कारक से
**(B)** संज्ञानात्मक विकास से
**(C)** कक्षा प्रबंधन से
**(D)** सामाजिक विविधता से

**135.** निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प विद्यालय के नेता की भूमिका का वर्णन करता है?

**(A)** एक नेता विज़न (दृष्टिकोण) रखता है।
**(B)** एक नेता विज़न (दृष्टिकोण) से प्रेरित होता है।
**(C)** एक नेता साझा विज़न (दृष्टिकोण) विकसित करता है।
**(D)** एक नेता अपने विज़न (दृष्टिकोण) को बलपूर्वक लागू करता है।

**136.** संप्रेषण प्रक्रिया को कौनसा तत्व पूर्ण करता है?

**(A)** प्रेषक
**(B)** संदेश
**(C)** माध्यम
**(D)** प्रतिपुष्टि

**137.** चर्चा विधि सर्वाधिक प्रभावी होती है, जब कक्षा का आकार हो –

**(A)** बहुत बड़ा
**(B)** मध्यम
**(C)** अत्यंत छोटा
**(D)** अप्रासंगिक

**138.** आप अपनी कक्षा के बच्चों का आकलन उनकी स्वयं की सीखने की गति के अनुरूप करना चाहते हैं, तो आप क्या करेंगे?

**(A)** रचनात्मक आकलन
**(B)** योगात्मक आकलन
**(C)** निदानात्मक आकलन
**(D)** उपचारात्मक आकलन

**139.** अच्छे शिक्षण की विशेषता कौनसी है?

**(A)** एकरसता
**(B)** लचीलापन
**(C)** सत्तावाद
**(D)** कठोरता

**140.** निम्नलिखित में से कौन बाहरी मूल्यांकन का एक उदाहरण है?

**(A)** विषय शिक्षकों द्वारा लिया गया कक्षा परीक्षण
**(B)** राष्ट्रीय स्तर की बोर्ड परीक्षाएं
**(C)** सहपाठियों द्वारा मूल्यांकन किए गए मौखिक प्रस्तुतीकरण
**(D)** स्व–मूल्यांकन अभ्यास

**141.** शिक्षा में नैदानिक मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) विद्यार्थियों के कुल प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रैंक देना।

(B) अधिगम में आने वाली कठिनाइयों की पहचान करना और उपचारात्मक उपाय प्रदान करना।

(C) पाठ्यक्रम के अंत में अंतिम ग्रेड देना।

(D) राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के स्कोर की तुलना करना।

**142.** निम्न में से कौनसी सृजनात्मक व्यक्ति की विशेषता <u>नहीं</u> है?

(A) मौलिकता (B) लचीलापन

(C) जिज्ञासा (D) रटंत अधिगम

**143.** एक अच्छे शिक्षक को मुख्यतः होना चाहिए –

(A) कठोर (B) प्रभुत्वशाली

(C) मौन (D) सहानुभूतिशील

**144.** आप अपनी कक्षा में किस प्रकार का नेतृत्व पसंद करेंगे?

(A) अनौपचारिक नेतृत्व (B) सत्तावादी नेतृत्व

(C) बाह्य नेतृत्व (D) प्रजातंत्रात्मक नेतृत्व

**145.** कौनसी विधि द्वारा विद्यार्थी अधिकतम सीख सकते हैं?

(A) देखने से (B) पढ़ने से

(C) सुनकर (D) स्वयं करके

**146.** विद्यालय में सामाजिक संबंधों की स्थापना की जा सकती है –

(A) सहयोग से (B) प्रतिस्पर्धा से

(C) मित्रवत व्यवहार से (D) उदासीनता से

**147.** सम्प्रेषण का उद्देश्य क्या है?

(A) जानकारी देना (B) प्रभावित करना

(C) विचार साझा करना (D) उपरोक्त तीनों

**148.** निम्नलिखित में कौनसा CCE के तहत मूल्यांकन का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

(A) अकादमिक वर्ष के आखिर में किया जाना

(B) पढ़ाई के दौरान किया जाना

(C) अंतिम ग्रेडिंग के लिए एक–बार का परीक्षण होना

(D) सिर्फ विद्यार्थियों को रैंक देने के लिए इस्तेमाल किया जाना

**149.** निम्नलिखित में से कौनसा रचनात्मकता का तत्व <u>नहीं</u> है?

(A) मौलिकता (B) प्रवाह

(C) नवीनता (D) कठोरता

**150.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन अधिगम के संदर्भ में सही <u>नहीं</u> है?

(A) नए व्यवहार का अधिग्रहण (B) पुराने व्यवहार का सुदृढ़ीकरण

(C) पुराने व्यवहार का दुर्बलीकरण (D) व्यवहार में अस्थायी परिवर्तन

## Part-D

### LANGUAGE PROFICIENCY : ENGLISH

**Read the passage given below and answer the following questions (Q. No. 151-153) -**

The 'standard of living' of any country means the average person's share of the goods and services which the country produces. A country's 'standard of living', therefore, depends first and foremost on its capacity to produce wealth. 'Wealth' in this is not money, for we do not live on money but on things that money can buy; 'goods' such as food and clothing, and 'services' such as transport and entertainment.

A country's capacity to produce wealth depends upon many factors, most of which have an effect on one another. Wealth depends to a great extent upon a country's natural resources, such as, coal, gold and other minerals, water supply and so on. Some regions of the world are well supplied with coal and minerals, and have a fertile soil and a favourable climate; other regions possess perhaps only one of these things, and some regions possess none of them. The USA is one of the wealthiest regions of the world because it has vast natural resources within its borders, its soil is fertile, and its climate is varied. The Sahara Desert, on the other hand, is one of the least wealthy.

**151.** Which region is mentioned as the least wealthy region in the world?

**(A)** USA **(B)** UAE

**(C)** The Sahara Desert **(D)** Bangladesh

**152.** What does the 'standard of living' of any country mean?

**(A)** The wealth available in the country.

**(B)** The natural resources available in the country.

**(C)** The average person's share of the goods and services which the country produces.

**(D)** The overall production of the country.

**153.** A country's capacity to produce wealth mainly depends on -

**(A)** Dedicated Army **(B)** Bureaucrats

**(C)** Politicians **(D)** Natural Resources

**154.** Fill in the blank with the correct option -

I .................... no news of him since he left for Singapore.

**(A)** do have **(B)** did not have **(C)** had **(D)** have had

**155.** Which of the following is a compound sentence?

**(A)** The little boy wanted to stand outside even though it was raining.

**(B)** He realised he had forgotten his mobile so he walked quickly back to the house.

**(C)** She did not crack the IIT JEE exam because she was sick throughout the year.

**(D)** Most of the students are irregular in the classes.

**156.** .................... he is poor, .................... he is honest.

**(A)** Not only, but also **(B)** If, but

**(C)** Although, yet **(D)** Undoubtedly, certainly

**157.** Which part has error in it?

Such an act of cruelty/ had never/ be committed/ before.

**(A)** Such an act of cruelty **(B)** had never

**(C)** be committed **(D)** before

**158.** Which of the following words is correctly spelt?

**(A)** Occasion **(B)** Illussion **(C)** Vacum **(D)** Comittee

**159.** Select the part of the sentence that contains grammatical error -

The inflation rate is currently high of India.

**(A)** The inflation **(B)** currently high **(C)** rate is **(D)** of India

**160.** Which of the following words has incorrect spelling?

**(A)** Permission **(B)** Accommodation **(C)** Seperate **(D)** Maintenance

**161.** Find the correct preposition -

Men should help .................... the housework.

**(A)** on **(B)** at **(C)** with **(D)** of

**162.** Complete the sentence with suitable option -

Can I have .................... sugar, please?

**(A)** little **(B)** a little **(C)** the little **(D)** few

**163.** A narrow piece of land connecting two large masses of land is -

**(A)** Peninsular **(B)** Isthmus **(C)** Continent **(D)** Gulf

**164.** One who cannot be easily pleased -

**(A)** Cosmopolitan **(B)** Frightening **(C)** Fastidious **(D)** Feminist

**165.** Write the antonym of 'Meagre' -

**(A)** Abundant **(B)** Sparse **(C)** Measly **(D)** Modest

**166.** .................... windshield of .................... car was shattered during the storm.

**(A)** The, the **(B)** A, a **(C)** A, the **(D)** The, a

**167.** Cuckoos .................... nests. They use the nests of other birds.

Choose the correct verb form -

**(A)** does not build **(B)** cannot build **(C)** did not build **(D)** do not build

**168.** Choose the correct sentence transformation -

Poor as he is, he is honest. ...................., he is honest.

**(A)** If he is poor **(B)** Had he been poor

**(C)** Should he be poor **(D)** Despite his poverty

**169.** Just as I (wonder) what to do next, the phone rang.

Choose the correct verb form -

**(A)** was wondering **(B)** wondered **(C)** have wondered **(D)** wonder

**170.** Write the synonym of 'Detrimental' -

**(A)** Benign **(B)** Beneficial **(C)** Hurtful **(D)** Healthy

## भाग–द
## भाषा योग्यता : हिन्दी

**171.** ''नाच न जाने आँगन टेढ़ा'' कहावत का अर्थ है –

**(A)** बहाना बनाना **(B)** मेहनत करना **(C)** खुश होना **(D)** सहायता लेना

**172.** ''यदि तुम परिश्रम करोगे, तो सफल हो जाओगे।'' किस प्रकार का वाक्य है?

**(A)** सरल **(B)** संयुक्त **(C)** मिश्र **(D)** आज्ञार्थक

**173.** शुद्ध शब्द है –

**(A)** एतिहासिक **(B)** हितेषी **(C)** औद्योगिक **(D)** एच्छिक

**174.** ''वाह! कितना सुन्दर दृश्य है।'' किस प्रकार का वाक्य है?

**(A)** प्रश्नवाचक **(B)** विस्मयादिबोधक **(C)** विधानवाचक **(D)** आज्ञार्थक

**175.** इनमें से अशुद्ध शब्द कौनसा है?

**(A)** संगृहीत **(B)** तदुपरांत **(C)** पुर्नजन्म **(D)** मृदंग

**176.** ''जो सब कुछ जानता हो'' उसके लिए एक शब्द है –

**(A)** ज्ञानी **(B)** सर्वज्ञ **(C)** विद्वान **(D)** पंडित

**177.** ''अन्वय'' शब्द का सही संधि–विच्छेद है –

**(A)** अन् + वय **(B)** अनु + वय **(C)** अनु + अय **(D)** अन + वय

**178.** ''राग–द्वेष'' युग्म का अर्थ है –

**(A)** प्रेम–शत्रुता **(B)** संत–असंत **(C)** प्रेम–स्नेह **(D)** नफरत–प्यार

**179.** ''दिन–रात'' किस प्रकार का युग्म है?

**(A)** समानार्थक **(B)** विपरीतार्थक **(C)** पुनरुक्ति **(D)** समास

**180.** निम्न में से शुद्ध शब्द <u>नहीं</u> है –

**(A)** अनुग्रहित **(B)** उज्ज्वल **(C)** आशीर्वाद **(D)** सौजन्य

**181.** शब्द और समास की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

**(A)** रसोईघर – संप्रदान तत्पुरुष **(B)** ऋणमुक्त – करण तत्पुरुष

**(C)** मृगछौना – संबंध तत्पुरुष **(D)** सर्वोत्तम – अधिकरण तत्पुरुष

**182.** सुमेलित कीजिए –

| | **स्तंभ – क (शब्द)** | | **स्तंभ – ख (प्रकार)** |
|---|---|---|---|
| (1) | विद्यालय | (अ) | यण सन्धि |
| (2) | राजपुत्र | (ब) | तत्पुरुष समास |
| (3) | माता–पिता | (स) | द्वंद्व समास |
| (4) | अत्युत्साह | (द) | स्वर सन्धि |

**(A)** 1–(द), 2–(ब), 3–(स), 4–(अ) **(B)** 1–(अ), 2–(ब), 3–(स), 4–(द)

**(C)** 1–(द), 2–(स), 3–(ब), 4–(अ) **(D)** 1–(अ), 2–(स), 3–(द), 4–(ब)

**183.** ''हाथ–पाँव फूलना'' मुहावरे का अर्थ है –

**(A)** प्रसन्न होना **(B)** घबराना **(C)** क्रोधित होना **(D)** थक जाना

**184.** निम्न में से शुद्ध वाक्य है –

**(A)** विधि के नियम बड़े कठोर होते हैं। **(B)** मीराँ एक प्रसिद्ध कवि थी।
**(C)** ब्रह्मपुत्र असम में बहता है। **(D)** आज आपका दर्शन हो गया।

**185.** ''जो छिपाने योग्य हो'' के लिए निम्न में से एक शब्द है –

**(A)** रहस्य **(B)** दुर्गम **(C)** गोपनीय **(D)** ध्वस्त

**186.** वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है –

**(A)** जिसके पास न पहुँचा जा सके – दुर्गम **(B)** जो कहा न गया हो – अकथित
**(C)** जिसका ज्ञान इंद्रियों द्वारा न हो – अगोचर **(D)** जो सबके आगे रहता है – अग्रणी

**187.** ''तरुणी'' का अर्थ ''युवती'' है, तो ''तरणी'' शब्द का अर्थ होता है –

**(A)** घर **(B)** नौका **(C)** लहर **(D)** घोड़ा

**188.** शुद्ध शब्द है –

**(A)** तरुछाया **(B)** उछृंखल **(C)** निरलम्ब **(D)** आर्द्र

**189.** ''अत्याचार'' का सन्धि विच्छेद है –

**(A)** अत् + यचार **(B)** अ + त्याचार **(C)** अति + आचार **(D)** अती + याचार

**190.** ''पर्यटन'' शब्द में उपसर्ग है –

**(A)** प **(B)** पर्य **(C)** परि **(D)** न

**191.** ''जो उपकार माने'' उसके लिए एक शब्द है –

**(A)** कृतज्ञ **(B)** कृतघ्न **(C)** दानी **(D)** कृपालु

**192.** किस शब्द में ''इष्ठ'' प्रत्यय नहीं है?

**(A)** गरिष्ठ **(B)** घनिष्ठ **(C)** धर्मनिष्ठ **(D)** कनिष्ठ

**193.** 'उपकार' में 'उप' का अर्थ है –

**(A)** विरोध **(B)** सहायक **(C)** निषेध **(D)** अधिक

**194.** ''लोकोपकार'' में संधि है –

**(A)** गुण **(B)** वृद्धि **(C)** यण **(D)** व्यंजन

**195.** ''घर का भेदी लंका ढाए'' का अर्थ है –

**(A)** मिश्रण संस्कृति **(B)** अपने निकटतम से हानि
**(C)** परिश्रम का फल **(D)** शत्रु से नुकसान

**196.** ''पृथ्वी'' का पर्यायवाची नहीं है –

**(A)** वसुंधरा **(B)** धरा **(C)** पावक **(D)** मेदिनी

**197.** ''सज्जन'' का सन्धि विच्छेद होगा –

**(A)** सत् + जन **(B)** सज् + जन **(C)** स + जन **(D)** सज + जन

**198.** इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?

**(A)** चंद्रमा, सुधाकर, हिमकर **(B)** जंगल, अरण्य, कानन
**(C)** गंगा, सुरसरि, अंबुधर **(D)** ज्योत्स्ना, चांदनी, कौमुदी

**199.** ''नीलकमल'' में कौनसा समास है?

**(A)** द्वंद्व **(B)** कर्मधारय **(C)** बहुव्रीहि **(D)** अव्ययीभाव

**200.** ''प्रज्ञा'' का पर्यायवाची है –

**(A)** मूर्खता **(B)** बुद्धि **(C)** आलस्य **(D)** चंचलता

## भाग–द
## भाषा योग्यता : संस्कृतम्

**171.** 'जगत्' शब्दः कस्य लिङ्गस्य वर्तते?

**(A)** पुँल्लिङ्गस्य **(B)** स्त्रीलिङ्गस्य
**(C)** नपुंसकलिङ्गस्य **(D)** स्त्रीलिङ्गस्य नपुंसकलिङ्गस्य च

**172.** ''मासेन अनुवाकोऽधीतः'' इत्यत्र प्रवृत्तसूत्रमस्ति –

**(A)** साधकतमं करणम् **(B)** कालाध्वनोरत्यन्तसंयोगे
**(C)** कर्तृकरणयोस्तृतीया **(D)** अपवर्गे तृतीया

**173.** 'हस्' धातोः लोट्लकारे उत्तमपुरुषैकवचने रूपमस्ति –

**(A)** हस **(B)** हसतम् **(C)** हसानि **(D)** हसन्तु

**174.** ''कामात् क्रोधोऽभिजायते'' इत्यस्मिन् प्रयुक्तसूत्रमस्ति –

**(A)** भुवः प्रभवश्च **(B)** भीत्रार्थानां भयहेतुः **(C)** वारणार्थानामीप्सितः **(D)** जनिकर्तुः प्रकृतिः

**175.** 'स्वस्ति' पदस्य योगे विभक्तिर्भवति –

**(A)** द्वितीया **(B)** तृतीया **(C)** पंचमी **(D)** चतुर्थी

**176.** 'भिक्षमाणः' इति पदे कः प्रत्ययः?

**(A)** शानच् **(B)** शतृ **(C)** ण्यत् **(D)** अण्

**177.** 'गुरु' शब्दस्य सम्बोधनस्य एकवचने रूपं भवति –

**(A)** हे गुरु! **(B)** हे गुरुः! **(C)** हे गुरू! **(D)** हे गुरो!

**178.** कण्ठस्थानीयो वर्णः नास्ति –

**(A)** अ **(B)** ह **(C)** ख **(D)** व

**179.** 'नखनिर्भिन्नः' कस्य समासस्य उदाहरणमस्ति?

**(A)** द्वितीया–तत्पुरुषस्य **(B)** चतुर्थी–तत्पुरुषस्य **(C)** तृतीया–तत्पुरुषस्य **(D)** सप्तमी–तत्पुरुषस्य

**180.** कर्मधारयसमासस्य उदाहरणं नास्ति –

**(A)** नीलोत्पलम् **(B)** बाणाहतः **(C)** महादेवः **(D)** महात्मा

**181.** 'राम' शब्दस्य तृतीया–विभक्तेः बहुवचनस्य रूपं भवति –

**(A)** रामौ **(B)** रामाय **(C)** रामेभ्यः **(D)** रामैः

**182.** 'चोरभयम्' इति पदे समासः अस्ति –

**(A)** बहुव्रीहिः **(B)** तत्पुरुषः **(C)** द्वन्द्वः **(D)** अव्ययीभावः

**183.** 'लभ्' धातोः विधिलिङ्लकारे उत्तमपुरुषैकवचने रूपमस्ति –

**(A)** लभे **(B)** लभेयम् **(C)** लभेय **(D)** लभेयः

**184.** 'उपवसति <u>वैकुण्ठं</u> हरिः।' रेखाङ्कितपदे का विभक्तिः भवति?

**(A)** तृतीया **(B)** प्रथमा **(C)** द्वितीया **(D)** सप्तमी

**185.** 'गणनम्' इति पदे प्रत्ययो विद्यते –

**(A)** क्त **(B)** ल्युट् **(C)** तुमुन् **(D)** ण्वुल्

**186.** नञ्तत्पुरुषसमासस्य उदाहरणम् अस्ति –

**(A)** स्तोकान्मुक्त **(B)** अनश्वः **(C)** अपकारः **(D)** अर्धर्चः

**187.** 'शतृ' प्रत्ययान्तं पदं नास्ति –

**(A)** इच्छन् **(B)** गच्छन् **(C)** सेवमान् **(D)** पालयन्

**188.** इक् प्रत्याहारे अयं वर्णः न परिगण्यते –

**(A)** उ **(B)** ऋ **(C)** व **(D)** लृ

**189.** प्रत्याहारविधायकं सूत्रं किम्?

**(A)** परः सन्निकर्ष संहिता **(B)** आदिरन्त्येन सहेता

**(C)** उपदेशेऽजनुनासिक इत् **(D)** आद्गुणः

**190.** 'सेव्' धातोः लङ्लकारे प्रथमपुरुषैकवचने रूपं भवति –

**(A)** सेवेत **(B)** असेवत **(C)** असेवत् **(D)** सेवते

**191.** 'पयस्' शब्दस्य प्रथमा–विभक्तेः द्विवचनस्य रूपं भवति –

**(A)** पयसि **(B)** पयसी **(C)** पयसोः **(D)** पयसा

**192.** अशुद्धं शब्दरूपं वर्तते –

**(A)** रामैः **(B)** दुर्गासु **(C)** गृहेषु **(D)** रमाषु

**193.** 'राजन्' इति शब्दः कस्मिन् लिङ्गे प्रयुज्यते?

**(A)** स्त्रीलिङ्गे **(B)** पुँल्लिङ्गे **(C)** नपुंसकलिङ्गे **(D)** पुँल्लिङ्गे नपुंसकलिङ्गे च

**194.** विसर्गसन्धेः उदाहरणम् अस्ति –

**(A)** उज्ज्वलः **(B)** हरिस्त्रायते **(C)** सत्कारः **(D)** सैषा

**195.** ''सुमद्रम्'' इत्यत्र 'सु' इति कस्मिन् अर्थे प्रयुक्तः वर्तते?

**(A)** समीपः **(B)** पश्चात् **(C)** अभावः **(D)** समृद्धिः

**196.** 'निस्सरति' इत्यत्र उपसर्गः कः?

**(A)** निर् **(B)** निस् **(C)** नि **(D)** नी

**197.** 'लिख्' धातोः लोट्लकारे प्रथमपुरुषस्य द्विवचनस्य रूपमस्ति –

**(A)** लिखताम् **(B)** लिखतम् **(C)** लिखेताम् **(D)** लिखतम

**198.** 'रामेण बाणेन हतो बाली' इत्यत्र करणसंज्ञकं पदमस्ति –

**(A)** हतो **(B)** बाली **(C)** रामेण **(D)** बाणेन

**199.** 'शिवो वन्द्यः' कस्य सूत्रस्य उदाहरणमस्ति?

**(A)** वा शरि **(B)** हशि च **(C)** विसर्जनीयस्य सः **(D)** लोपः शाकल्यस्य

**200.** 'रक्ष्' धातोः लङ्लकारे प्रथमपुरुषे द्विवचने रूपमस्ति –

**(A)** अरक्षत् **(B)** अरक्षन् **(C)** अरक्षताम् **(D)** अरक्षाव

-----------------------------------------------

रफ कार्य के लिए जगह / **Space for Rough Work**

रफ कार्य के लिए जगह / **Space for Rough Work**